# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 4 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 195 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




## हर-हर महादेव



# विजयवर्गीय कहिन

## इंदौर के लिए मंत्री क्या, मुख्यमंत्री तक से लड़ जाऊं...'

**राजेश धाकड़**

राऊ। नगरीय प्रशासन मंत्री और इंदौर-1 के विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को राऊ में आयोजित एक समारोह में इंदौर के प्रति अपने प्रेम को लेकर बड़ा बयान दिया। मंत्री जी ने कहा – ''इंदौर के लिए किसी मंत्री क्या, मुख्यमंत्री तक से लड़ने में मुझे कोई तकलीफ नहीं... इंदौर ने मुझे बहुत कुछ दिया है... इंदौरवासियों के प्रेम और आशीर्वाद के कारण ही मेरी प्रदेश से लेकर देशभर में पहचान है...''

### विजयवर्गीय ने आगे कहा

''मैं जब शहर से बाहर होता हूं तो होम सिकनेस नहीं होती, लेकिन इंदौर की याद जरूर आती है... यहां की आबोहवा, यहां के लोगों का प्रेम और अपनापन ही इस शहर को खास बनाता है। प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि इंदौर एक नया दौर है।

यह स्वाद और स्वच्छता की राजधानी है। इंदौर अभी स्वच्छता में नम्बर वन है, अब हर क्षेत्र में भी नम्बर वन होना चाहिए। इंदौर के लोग वफादार हैं, यहां के लोग काम नहीं भूलते। मेरे महापौर कार्यकाल को इंदौरी आज भी याद रखते हैं।'' मंत्री जी अब आप भी 'वफादारी' निभाइए... 'तुगलकी आदेश' के खिलाफ जनता के साथ खड़े हो जाइए!'' मंत्री विजयवर्गीय का यह बयान उस वक्त आया है, जब सोशल मीडिया पर हेलमेट अनिवार्यता के आदेश को लेकर इंदौर की जनता अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर कर रही है। लोग कह रहे हैं – ''हमने हमेशा वफादारी निभाई है... अब बारी आपकी है! जनता पर थोपे गए इस 'तुगलकी आदेश' के खिलाफ 'ठाकुर हाथ खोलो'... जनता के सुर में सुर मिलाकर कुछ तो बोलो... इंदौर जानता है, आप शहरहित में किसी से भी भिड़ सकते हो... जनता को तकलीफ हो रही है, क्या अबकी बार यह दर्द आपको नहीं दिख रहा, मंत्री जी?'' इंदौर की उम्मीदें अब एक बार फिर उसी ''ठाकुर अदा'' पर टिकी हैं, जिसने शहर के हक में हमेशा आवाज बुलंद की है।



# वाल्मिकी समाज ने स्वच्छता में नंबर वन बनाकर इंदौर का मान बढ़ाया है - मंत्री श्री विजयवर्गीय

इंदौर। वाल्मिकी समाज इंदौर की शान है। इंदौर को यदि आठवी बार स्वच्छता में नंबर वन का पुरस्कार मिला है तो इसका श्रेय वाल्मिकी समाज के युवाओं और माताओं को जाता है। इन्होंने इंदौर का मान बढ़ाया है और इंदौर का नाम पूरे विश्व में रोशन हुआ है। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने गत शनिवार को जाहर वीर गोगादेव जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में इंदौर शहर की समस्त छड़ियों और निशानों का पूजन करते हुए कही।

इस अवसर पर क्षेत्र क्रमांक-1 स्थित हंसदास मठ पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस साल निशान की सेवा करने वाले ज्यादातर युवा हैं और वर्तमान में इस बात की आवश्यकता भी है कि युवा हमारे सामाजिक-धार्मिक उत्सवों में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करें। इन आयोजनों के माध्यम से इतनी शक्ति प्राप्त करें कि हर तरह के दुर्व्यसनों से दूर रहें। गोगादेव जी महाराज साक्षात रूप से ईश्वर का स्वरूप है। उनके शौर्य और पराक्रम के किस्से जब पढ़ते हैं तो बड़ा गर्व महसूस होता है। महमूद गजनी जब सोमनाथ पर हमला करने आया था तो गोगादेवजी ने उसको सात बार रोकने की कोशिश की थी और आठवी बार वो युद्धभूमि में वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके साथ ही उनके कई बंधु-बांधव भी वीरगति को प्राप्त हुए थे। गोगादेवजी महाराज सामाजिक समरसता और वीरता के प्रतीक थे।



श्री विजयवर्गीय ने आगे कहा कि गोगादेव जी महाराज की गौ रक्षा में भी बड़ी ख्याति थी। गौ सेवा उनका परम धर्म था। एक बार जब उनके परिवार में आपस में लड़ाई हो गई तो उनकी गायों को महमूद गजनी के पाले में छोड़ आए थे। गोगादेवजी गए और गजनी के यहां से गोमाताओं को छुड़ा कर ले आए थे। मैने अभी सुना की गोगादेव की भक्ति में बड़े सख्त नियमों का पालन किया जाता है। उपासना करने वाले पुरूष सवा महीने तक उपवास कर महिलाओं के हाथ का भोजन ग्रहण नहीं करते हैं। इस तरह सात्विकता का पालन करते हुए गोगादेवजी की भक्ति करते हैं। गोगादेवजी की सेवा से ही भक्तों को विशेष शक्ति मिलती है। इस बार गोगादेव जी के निशानों पर देवी-देवताओं की बड़ी सुंदर आकृतियां दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरे आग्रह पर आप इतने सारे निशान लेकर यहां पर आए। पिछली बार 40 थे इस बार करीब 70 निशान पूजन के लिए आए हैं। यह बहुत बड़ी बात है। मुझे आज गोगादेव जी के इतने निशान की पूजा करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके लिए मैं आपका कृतज्ञ हूं। इतने निशानों से हंसदास मठ चार धामों का पुण्य वाला स्थान बन गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी सम्बोधित किया। वाल्मिकी समाज ने किया भव्य स्वागत गोगादेव जी की छड़ियों के सामूहिक पूजन के कार्यक्रम का यह दूसरा साल है। इस कार्यक्रम की शुरूआत पिछले साल मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने की थी। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करके की गई। कार्यक्रम में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय ने समस्त निशानों की पूजा की। इस अवसर पर पार्षद श्री पराग कौशल, श्री अशोक चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में वाल्मिकी समाज के नागरिकगण मौजूद थे।

## "गौरव दिवस" कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत विद्यार्थियों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई

खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में 4 अगस्त तक खंडवा का "गौरव दिवस" मनाया जा रहा। इस 3 दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन रविवार को स्कूली विद्यार्थियों द्वारा नगर निगम कार्यालय के सामने बने मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । इस अवसर पर नगर निगम



द्वारा रंगबिरंगी आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता एवं अन्य अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे भी छोड़े। इस अवसर पर खरगोन की कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, नगर निगम खंडवा के अध्यक्ष श्री अनिल विश्वकर्मा, सहायक कलेक्टर श्री कृष्णा सुशीर सहित विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षकगण भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी स्कूलों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इन स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम में जिन स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये उनमें रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विद्या कुंज स्कूल, उर्दू स्कूल परदेशीपुरा, सेंट जॉन्स स्कूल, सेंट पॉल स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, होली स्पिरिट स्कूल, मोतीलाल नेहरू स्कूल, कार्मेल कान्वेंट स्कूल, भंडारी पब्लिक स्कूल, सेंट लक्ष्मण चैतन्य स्कूल, सेंट पायस स्कूल, माइक्रो विजन स्कूल, एमएलबी स्कूल, सोफिया कान्वेंट स्कूल, एमजीएम स्कूल, एंजेल्स प्लैनेट स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर कल्याण गंज स्कूल, गुरु नानक स्कूल, सुंदरबाई गुप्ता स्कूल तथा अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल शामिल है।

# अबोधिता में ही चिर आनंद की प्राप्ति संभव है

अबोधिता या मासूमियत एक ऐसा भाव या अवस्था है जो व्यक्ति को देवतुल्य बना देती है। अबोधिता को यदि समझना है तो हमें उस बचपन की ओर देखना चाहिए जिसका परिचय दुनिया के मायावी संसार से नहीं हुआ है। सहजयोग में श्री गणेश इस मासूमियत के प्रणेता होते हैं वे ही इसकी रक्षा करते हैं। इसी अबोधिता के कारण ही सहजयोगी चिर आनंद में रहते हैं। जो बालसुलभ मस्ती को नहीं पा सकता उसकी ईश्वर से एकाकारिता नहीं हो सकती। वास्तव में आनंद ही सहजयोग है। सहजयोग संस्थापिका आदिशक्ति श्री माताजी ने इसी आनंद की व्याख्या इस प्रकार की है कि, "मासूमियत वह तरीका है जिससे आप वास्तव में दूसरों को मज़ा देते हैं, इसका मज़ेदार हिस्सा बनते हैं। मज़ा तो मासूमियत से ही पैदा होता है. और मासूमियत ही एकमात्र तरीका है जिससे आप वास्तव में आनंद भी प्राप्त कर सकते हैं।

वह आनन्द और कुछ नहीं बल्कि खिलना है। यह किसी को चिढ़ाता नहीं है, किसी को चोट नहीं पहुंचाता है, किसी को परेशान नहीं करता है, लेकिन बस खिलता है, पूरी बात, सुगंध में। यह परमात्मा की तरकीब है। इसमें उससे भी अधिक कुछ ऊंचा है, कि यदि आप निर्दोष ( अबोध ) हैं, तो आप वास्तव में आनंद का अनुभव कर सकते हैं। तो, एक निर्दोष व्यक्ति ही किसी ऐसी चीज का आनंद महसूस कर सकता है जिसे एक बहुत ही गंभीर और एक बहुत ही तर्कसंगत व्यक्ति



कभी नहीं देख सकता है। एक निर्दोष व्यक्ति किसी बात पर जोर से हंस सकता है, दूसरे लोगों के लिए यह कुछ मजाकिया नहीं भी हो सकता है। तो, आनंद -सृजन कोई संदेहास्पद चीज़ नहीं है, यह एक बहुत ही सीधा, सरल, एक सहज खिलना है। श्री माताजी निर्मला देवी, (22 अगस्त 1982) जीवन के इसी आनंद को प्राप्त करना सहजयोग का उद्देश्य है। आनंद की यह अवस्था आपको वर्तमान में स्थापित कर भयमुक्त जीवन प्रदान करती है। सहजयोग ध्यान के इस निरानंद को प्राप्त करने हेतु नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।

# श्री झूलेलाल मंदिर से निकलेगी महिला कावड यात्रा

## श्री पूज्य सिंधी पंचायत और श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल ने आयोजन सफल बनाने की अपील की






**खंडवा।जल देवता भगवान श्री झूलेलाल जी के मंदिर से श्री महादेव गढ़ वाले महाकाल के मंदिर तक महिला कावड यात्रा आज सोमवार दोपहर 1 बजे से निकलेगी।**

**श्री पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष और श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मोहन दीवान ने बताया कि सिंधी समाज के इष्टदेव जल देवता भगवान श्री झूलेलाल जी के मंदिर से मातृ शक्ति की कावड़ यात्रा श्रावण के चतुर्थ सोमवार 4 अगस्त को आयोजित की जा रही है।**




इस कावड यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति के सम्मिलित होने की संभावना है।ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रित झांकी और वर्तमान में लव जिहाद के दिनों दिन बढ़ रहे प्रकरणों पर भी विशेष झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।यह यात्रा श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से गुजरते हुए महादेव गढ़ के भोलेनाथ पहुंचेगी।जल देवता के मंदिर से पवित्र जल संग्रहित कर महादेवगढ़ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा। महिलाओं की सुरक्षा और यात्रा प्रबंधन के लिए पुरुष भी सहयोग करेंगे।

### कावड यात्रा का मार्ग

सिंधी समाज के अध्यक्ष गेहीराम सीतलानी ने बताया कि मातृशक्ति कावड़ यात्रा गली नंबर 6 सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर से दोपहर 1 बजे निकलेगी और गली नंबर 3 में से होकर फिर गली नंबर 2 से होते हुए स्वामी नारायण नगर स्थित तीरथ धाम मंदिर पहुंचेगी।यहां से मोघट रोड से होते हुए महादेवगढ मंदिर पहुंचेगी और महाकाल भगवान का जल अभिषेक करेगी।

### सफल बनाने की अपील की

श्री पूज्य सिंधी पंचायत,श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल,श्री झूलेलाल समर्थ पेनल,श्री झूलेलाल समर्थ महिला मंडल सहित समाज की समस्त संस्थाओं के समस्त पदाधिकारियों ने मातृशक्ति कावड यात्रा का स्वागत सत्कार करने और इसमें शामिल होने की अपील की है।

# इंदौर पेट्रोल पंप पर मार पीट वा आगजनी की कोशिश करने वाले दो आरोपी थाना एरोड्रम की गिरफ्त में आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो धारदार चाकू व एक मोटरसाइकिल जप्त



इंदौर। थाना एरोड्रम क्षेत्र के अंतर्गत शुक्ला पेट्रोल पंप पर छोटा बांगड़ा इंदौर पर दिनांक 1/8/.2025 को बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की बात को लेकर मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों द्वारा मोटरसाइकिल में पेट्रोल नहीं डालने की बात को लेकर पंप कर्मचारियों को गालियां देकर मारपीट व चाकू दिखाकर जबरदस्ती पेट्रोल भरवा कर पेट्रोल पंप को नुकसान पहुंचाने की नीयत से माचिस की जलती तीली टैंक के पास फेक कर पेट्रोल पंप को जलाने का प्रयास किया फरियादी पेट्रोल पंप कर्मी वीरेंद्र पिता अनूप कुमार धौलपुरिया निवासी ग्राम जंबूदी हैप्पी की रिपोर्ट पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों पर धारा 1198(1) 115(2) 351(3) 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारीगढ़ पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह पुलिस उपयुक्त श्री विनोद कुमार मीणा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री आलोक कुमार शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त विवेक सिंह चौहान जी द्वारा आरोपियों की धर पकड़ हेतु निर्देशित किया गया इस तारतम्य में एक पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश करते हुए आज दिनांक को सुलभ कंपलेक्स पंचशील नगर पर आरोपियों की घेराबंदी की गई जिस दौरान मोटरसाइकिल से भगाने के दौरान आरोपियों को हाथ व पैर में चोट आई आरोपियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम संजय पिता लालचंद कनौजिया उम्र 32 साल निवासी गोविंद कॉलोनी ब शरीफ पिता युसूफ अली उम्र 37 साल निवासी रसूलपुर देवास का होना बताया आरोपियों की तलाशी के दौरान दोनों के



पास घटना में प्रयुक्त तेल धारदार चाकू मिले जो मौके पर जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल M, P14 N. J 8045 को जप्त किया गया है उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी एरोड्रम श्री तरुण सिंह भाटी उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह रघुवंशी नायक विजय तिवारी दिनेश मीणा आर राजू रावत की सराहनीय भूमिका रही।

### जिहादी गुंडे ने दलित बेटी की गला रेत कर हत्या की

# निकाह व धर्मांतरण के लिए बना रहा था दबाव, मना करने पर कर दी हत्या

## दलित नेता ने शव को मुख्य चौराहे पर रखकर किया धरना प्रदर्शन

## घटना बुरहानपुर जिले के नेपानगर थाना अंतर्गत ग्राम नावरा की

रविदास समाज की बेटी भाग्यश्री नामदेव धानुक, को जिहादी शेख रईस पिता शेख आसिफ ने जबरन धर्मांतरण व इस्लाम कुबूल करने के लिए प्रताड़ित किया। पीड़िता ने नेपानगर थाने पर शिकायत की लेकिन गिरफ्तारी तो हुई परन्तु नावरा चौकी के दो भ्रष्ट अधिकारी वसीम कुरैशी और इकबाल खान ने मात्र 5000 घूस लेकर आरोपी को छोड़ दिया। छूटते ही रईस खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर दलित युवती की गला रेतकर हत्या कर दी। दलित नेता और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नेपानगर के ग्राम नवरा पहुंचे । और मृतक परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली । क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन के लच्चर रवैए से परेशान पीड़ित परिवार ने अपनी आप बीती सुनाई ।



दलित नेता ने सभी ग्रामीणो एवं बजरंग दल एवं हिन्दू जागरण मंच के सभी हिंदू सनातनी कार्यकर्ताओं के साथ शव को चौराहे पर रखकर किया धरना प्रदर्शन किया ।। और सभी आरोपियों को फांसी की सजा व उनके अवैध निर्माण पर बुलडोजर की कार्यवाही की मांग की ।। साथ ही मृतका परिवार को तत्काल संबल व रेडक्रॉस सोसायटी से राहत राशि मुआवजे के रूप में दी जाए, ओर घटना में लापरवाही बरतने वाले भ्रष्ट अधिकारियों के निलंबन की मांग की ।। मौके पर मौजूद नेपानगर विधायक श्री मति मंजू दादू ने प्रशासन और आक्रोशित लोगों के बीच समन्वय की भूमिका बनाई और पुलिस प्रशासन ने तत्काल वसीम कुरैशी और इकबाल खान को लाइन अटैच कर दिया ।। साथ ही sdm भागीरथ वाखला sdop निर्भय सिंह अलावा और एडिशनल SP अंतरसिंह कनाश नेपानगर थाना प्रभारी अभिषेक जाधव मय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे ।। दलित नेता मनोज परमार ने अधिकारियों और विधायक को बताया कि शासन द्वारा संचालित अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा पीड़ित मृतक परिवार को 8,25000 रुपए देने का प्रावधान है ।। तब जाकर उपस्थित अधिकारियों ने योजना कन्फर्म कर ग्रामीणों के सामने 8,25000 रुपए मृतक परिवार को देने की घोषणा की ।। इस दौरान मुख्य रूप से अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ता हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित रहे ।

# उधमसिंह जी के 84 वे बलिदान दिवस के अवसर पर उधम स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया गया



यात्रा इंदौर चोइथराम मंडी चौराहे पर उधम सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिल्ली बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्वाण राष्ट्रीय स्मारक दिल्ली होते हुए उधमसिंह जी के जन्म स्थान पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव तक गई और उनके परिवार से मुलाकात व मिलते हुए और वहां से अमृतसर जलियांवाला बाग जो उधमसिंह जी की संकल्प भूमि होते हुए 2 अगस्त दोपहर को इंदौर पहुंची तटपश्चात कार द्वारा रैली के माध्यम से बाबा साहेब अंबेडकर जी की जन्मस्थली महू पर उधम सिंह स्वाभिमान यात्रा का समापन हु यात्रा का उद्देश्य रविदास समाज के युवाओं में राष्ट्रीय स्वाभिमान जागृत करना, अपने देश से प्रेम, देश के प्रति निष्ठा, देशवासी होने का स्वाभिमान, राष्ट्र के लिए सर्वोच्च निछावर करने की भावना, समरस समाज के निर्माण का संकल्प, सतत कार्य करने की प्रेरणा, एवं सकारात्मक क्रांति कि आज रविदास समाज को बहुत आवश्यकता है रविदास समाज के युवाओं में विकास करना ही हमारा लक्षय है यह जानकारी उधमसिंह क्रांति सेना संस्थापक जीतू झालरिया ने दी।

# मित्रता का बदलता स्वरूप

## समय के साथ रिश्तों का नया आयाम



**मित्रता** यह शब्द सुनते ही चेहरे पर एक सहज मुस्कान आ जाती है। बचपन की गलियों से लेकर युवावस्था के सपनों तक, जीवन के हर मोड़ पर मित्र हमारे सहयात्री रहे हैं। लेकिन आज जब हम Friendship Day मना रहे हैं, तो यह सवाल मन में उठता है – क्या मित्रता का स्वरूप वही है जो पहले हुआ करता था, या अब यह बदल चुका है?

### पुराने जमाने की मित्रता

## दिल से दिल का रिश्ता

बीते समय में मित्रता का मतलब था – हर सुख-दुख में साथ खड़ा होना। गांव की चौपाल हो या शहर की गलियां, दोस्ती का बंधन बिना किसी स्वार्थ के गहराता था। तब न तो मोबाइल फोन थे, न सोशल मीडिया। फिर भी दोस्त एक-दूसरे से जुड़े रहते थे। एक चिट्ठी, एक मुलाकात या बस हाल-चाल पूछने के लिए घर पर आ जाना – यही रिश्तों को गाढ़ा बनाता था। मित्रता तब समय की मांग नहीं थी, बल्कि जीवन की धड़कन थी। एक दोस्त के लिए दूसरे दोस्त का घर परिवार जैसा होता था। कई बार तो दोस्त ही मुश्किल वक्त में परिवार से बढ़कर साबित होते थे।

### नए जमाने की मित्रता

## डिजिटल कनेक्शन का युग

आज की मित्रता स्मार्टफोन और सोशल मीडिया पर ज्यादा निर्भर हो गई है। फेसबुक फ्रेंड्स, इंस्टाग्राम फॉलोअर्स और व्हाट्सएप ग्रुप – यही नए युग की पहचान बन गए हैं। सैकड़ों दोस्त ऑनलाइन जुड़े होते हैं, लेकिन जब जरूरत पड़ती है तो अक्सर हाथ गिनने लायक लोग ही साथ खड़े मिलते हैं। फोन कॉल या वीडियो चैट से हम जुड़ तो जाते हैं, लेकिन यह जुड़ाव कई बार सतही रह जाता है। पुराने जमाने का अपनापन अब इमोजी और स्टिकर्स में सिमटकर रह गया है।

## मित्रता के मायने

### समय के साथ बदलती प्राथमिकताएं

मित्रता का मूल भाव कभी नहीं बदला – भरोसा, अपनापन और सहारा। फर्क बस इतना है कि अब रिश्तों को समय देना थोड़ा कठिन हो गया है। व्यस्त दिनचर्या और डिजिटल दुनिया की चकाचौंध ने हमें 'फोन मित्र' बना दिया है। लेकिन हमें यह याद रखना होगा कि दोस्ती केवल स्क्रीन पर चमकते नामों से नहीं बनती। इसके लिए दिल से जुड़ना और वक्त देना जरूरी है।

### फोन मित्रता से आगे बढ़ें

## दिल से रिश्ते निभाएं

हमारे पास तकनीक है, लेकिन दिलों में जगह बनाना अब भी जरूरी है। Friendship Day हमें यही याद दिलाता है कि एक फोन कॉल से ज्यादा जरूरी है एक सच्ची मुलाकात, एक संदेश से ज्यादा जरूरी है दोस्त की मुश्किल में साथ खड़ा होना। दोस्ती वह रिश्ता है, जो हमें बिना शर्त अपनाता है।

अगर हम पुराने जमाने की मित्रता की गहराई और नए जमाने की सुविधाओं को संतुलित कर पाएं, तो यह रिश्ता और भी खूबसूरत हो सकता है।

## अंत में यही कहना उचित होगा

दोस्ती को केवल सोशल मीडिया की लाइक और कमेंट तक सीमित न रखें। पुराने जमाने की तरह समय निकालें, मुलाकात करें और दिल से रिश्ते निभाएं। तभी मित्रता का असली मायना पूरा होगा।

# नमस्कार महामंत्र की आराधना में होंगे 3 लाख मंत्रों का जाप

**रणजीत टाइम्स**

राणापुर । युग प्रभावक आचार्य श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी महाराज की कर्म स्थली रही राणापुर नगरी जहां से श्री नमस्कार महामंत्र की 9 दिवसीय आराधना का शुभारंभ हुआ ओर ह्रदय सम्राट वर्तमान आचार्य श्रीमद नित्यसेन सूरी के जन्म नगर राणापुर के श्री राजेंद्र भवन में श्री नवकार आराधना का शुभारंभ हुआ। तरुण परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अवि सकलेचा ने बताया कि पूज्य गुरुदेव श्री के आशीर्वाद से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 9 दिवसीय आराधना का लाभ लिया जा रहा हे। करीब 13 आराधक भाग ले रहे है जो करीब 3 लाख जाप करेंगे। आराधना में प्रतिदिन एकासने तीन समय देववदन, प्रतिक्रमण,के साथ नवकार की 20 माला गिनी जाती हे। प्रतिदिन अलग अलग श्रद्धालु द्वारा पूजन,आरती का लाभ लिया जा रहा हे।आराधना मंडप में प्रभु प्रतिमा बिराजमान करने का लाभ विनीता कमलेश नाहर,नवकार फोटो बिराजमान करने का लाभ नरेंद्र पगारिया ऐव पुण्य सम्राट की तस्वीर बिराजमान करने का लाभ मंजू तेजमल सकलेचा ऐव अखंड दीपक प्रज्वलित करने का लाभ संगीता ललित सकलेचा ने



लिया। आराधना में शांतिलाल जी एन सकलेचा,विक्की ऋषभ जी सकलेचा,रमेश भेरूलाल जी मांगीलाल जी मिश्रीमल जी सकलेचा,सकलेचा,सोहनलाल सौभाग्यमलजी सेठ,नरेंद्र मोतीलाल जी पगारिया,आनंदीलाल जी मानमल जी नागोरी,प्यारचंद जी पन्नालाल जी चौधरी ने आराधना करवाने का लाभ लिया हे। श्री संघ अध्यक्ष दिलीप सकलेचा,सचिव प्रदीप भंसाली कोषाध्यक्ष विक्की सकलेचा एवं महिला परिषद, तरुण परिषद के कार्यकर्ता व्यवस्था बनाए हुए हे।

# श्वेतांबर महासंघ द्वारा स्कॉलरशिप योजना के चेक वितरण



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । श्वेतांबर जैन महासंघ न्यास अध्यक्ष श्री विजय जी मेहता के नेतृत्व में समाज के विद्यार्थियों को मेरिट स्कॉलरशिप योजना के तहत सहयोग राशि के चेक आज कंचन बाग स्थित जैन उपाश्रय चातुर्मास स्थल पर शनिवार 2 अगस्त प्रातःप्रदान किए गए। महासचिव ललित छलानी व संतोष मामा ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्वेतांबर जैन समाज के 140 परिवारों के कक्षा छठी से आठवी एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को उदारमना समाज जनों के सहयोग से चेक प्रदान किए गए। यह जानकारी महासंघ प्रचार सचिव योगेन्द्र सांड ने बताया कि इस अवसर पर महासंघ अध्यक्ष श्री विजय मेहता ने स्वागत उद्बोधन कैलाश नाहर एवं श्री राजेंद्र जैन ने स्कॉलरशिप योजना की जानकारी दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवंत जैन, कोषाध्यक्ष शिखर बाफना, सहमहामंत्री विजय ललवानी, प्रचारमंत्री योगेंद्र सांड, ट्रस्टीगण मनीष सुराणा, रितेश कटकानी, विमल तातेड, जीनेश्वर जैन वरिष्ठ पदाधिकारी श्री विमल नाहर, सुधीर सेठिया,अशोक जैन राजगढ़ वाला, नरेंद्र भटेवरा मनोहर लोढ़ा,दीपक ठाकुरिया, प्रितेंद्र मेहता आदि उपस्थित रहें। संचालन संतोष मामा ने किया आभार ललित छलानी ने माना।

# विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल के द्वारा वृहद पौधारोपण आयोजन सम्पन्न हुआ

## विश्व जागृति मिशन संचलिका डॉ अर्चिका दीदी का जन्मदिन के पूर्व पौधारोपण किया

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल के द्वारा विश्व जागृति मिशन संचलिका डॉ अर्चिका दीदी का जन्मदिन एक दिन पूर्व कर पौधारोपण मनाया । मिशन के सचिव कृष्णमुरारी शर्मा, दिलीप बडोले, अनिल शर्मा, राजेश विजयवर्गीय, ने बताया कि -विश्व जागृति मिशन संचलिका डॉ अर्चिका दीदी का जन्मदिन पर पौधारोपण २५१ पौधे लगा कर मनाया गया। आम, नीम, बेल पत्र, जामुन, पीपल, बड़ एवं छायादार पेड़ों के पौधे लगाए गए। विश्व जागृति मिशन मंडल के सदस्यों ने अपने परिजनों की स्मृति में पौधे लगाए। उपस्थित सभी महिलाओं , पुरूषों एवं बच्चों ने पौधे लगाए। आज लगाए गए पौधों की देखभाल करेंगे एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने का संकल्प लिया। मिशन मंडल की ओर से, घनश्याम पटेल, ओमप्रकाश सोलंकी ,गोविंद गंगराड़े सत्यनारायण मारु, राजेश विजयवर्गीय , अजय बेडवॉल विजय पांडे स्वीटी शर्मा ,किरण शर्मा, चित्रा शर्मा आदि उपस्थित थे।



# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का स्थापना दिवस मनाया गया




**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 31 वां स्थापना दिवस सारे देश में जोर शोर से मनाया गया । फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन ददू ने बताया कि इंदौर में कीर्ति स्तंभ, महावीर ट्रस्ट परिसर में दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर रीजन द्वारा भव्य समारोह आयोजित किया गया। रीजन अध्यक्ष श्री प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता मे आयोजित इस समारोह मे राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, निवर्तमान अध्यक्ष राकेश विनायका सहित सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं पूर्व रीजन अध्यक्षों का बहुमान कर सम्मान किया गया.। समारोह के शुभारंभ में ध्वज वंदन एवं दीप प्रज्वलन अमित कासलीवाल आर. के जैन, भूपेंद्र जैन सहित सभी सम्माननीय अतिथियों ने किया। बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों को फेडरेशन की विचारधारा एवं कार्य प्रणाली के संबंध में बाहुबली पांड्या एवं हेंसल पहाड़िया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.। कार्य क्रम के संयोजक दिगंबर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप प्लेटीनम एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एक्सीलेंट थे,इस अवसर पर हंसमुख गांधी कमलेश कासलीवाल सुशील पांड्या हेमचंद्र झांझरी प्रदीप गंगवाल संजय अहिंसा संजय कासलीवाल आदि पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अलका जैन ने किया एवं आभार प्रदर्शन रीजन सचिव श्री संजय पापड़ीवाल ने माना ।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में विधि स्मातकोत्तर एल एल एम पाठ्यक्रम हेतु हुआ निरीक्षण

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन । शासकीय विधि महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसी शैक्षणिक सत्र से एलएल.एम. (मास्ट्र ऑफ लॉ) दो वर्षीय विधि में स्मातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने की संभावना व्यक्त की जा रही हैं। जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिग्विजय सिंह मंडलोई के द्वारा दी गई हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से विद्यार्थी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा विधि स्मृातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालन की लगातार मांग की जा रही थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन को नवीन विधि स्मातकोत्तर पाठ्क्रम संचालन हेतु लगातार पत्राचार किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप विश्विद्यालय द्वारा निरीक्षण समिति का गठन किया गया। प्राचार्य चौहान ने पाठ्क्रम से सम्बंधित दस्तावेजो का गहनता से निरीक्षण किया । समिति में डॉ. सोमपाल सिंह प्राध्यापक नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय खंडवा को अध्यक्ष, डॉ. बी के चौरसिया सहायक प्राध्यापक स्ट्रेट लॉ कॉलेज, भोपाल को सदस्म एवं शासन के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्मातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी एस चौहान को सदस्य के रूप में नामांकित किया गया। जिन्होंने शनिवार को उपस्थित होकर महाविद्यालय के नवीन भवन में क्लास रूम, ग्रंथालय, मूट कोर्ट रूम एवं महाविद्यालय में पाठ्क्रम से सम्बंधित दस्तावेजो का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात रिपोर्ट विश्विद्यालय को प्रस्तुत की जाने के पश्चात विधि महाविद्यालय को विधि स्मातकोत्तर नवीन पाठ्क्रम संचालन हेतु संबद्धता प्राप्त होगी। जिसमें सेवा निवृत्त प्राचार्य आर. एस. देवडा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक रविन्द्र बर्वे ने भी निरीक्षण समिति के साथ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। यह सुविधा स्थानीय स्त्र पर ही उपलब्ध होने से विधि में स्मातकोत्तर का लाभ प्राप्त होगा ।प्राचार्य ने आगे बताया कि महाविद्यालय में लोक सेवा आयोग से चयनित स्थाई सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की जा चुकी है तथा अध्ययन-अध्यापन की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही लाइब्रेरी, ई लाइब्रेरी, मूट कोर्ट रूम और शोध के लिए सभी आवश्यक संसाधनों को भी अपग्रेड किया जा रहा है एवं विधि के क्षेत्र में भविष्य में विश्विद्यालय से पी.एच.डी उपाधि के लिए शोध अध्ययन केंद्र के लिए प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय की प्रगति सुव्यवस्थित शैक्षणिक माहौल एवं विधिक शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की उन्होंने विशेष रूप से मुट कोर्ट प्रतियोगिता, विधिक सहायता शिविरों और संकाय की विशेषताओं की प्रशंसा की विधि महाविद्यालय की यह उपलब्धि संपूर्ण महाविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम है । यह उपलब्धि शासकीय विधि महाविद्यालय एवं जिले के लिए एक नई दिशा और पहचान का प्रतीक बनकर उभरेगी। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के स्टॉफ में प्रशानिक अधिकारी प्रो. चन्द्र भान त्रिवेदी सहायक प्राध्यापक सुश्री तृप्ति जायसवाल, सुश्री तृप्ति सोनी, प्रो. पी.एस. रावत, प्रो. मनोज भार्वे, ग्रंथपाल गोविंद यादव, राजेश बालके, जितेन्द्र खाण्डे, महेश कलमें, सदाशिव कलमे, विनायक पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

# हताई मे बाबा रामदेव के पैदल यात्रियों के विशाल भंडारा

**रणजीत टाइम्स**



नागदा । नागदा से सात किलोमीटर पर ग्राम हताई में बाबा रामदेव के पैदल यात्रीयो के लिए एक माह तक चलने वाला विशाल भंडारे का आयोजन विगत तीस वर्षों से किया जाता है।जिसमें सभी प्रकार के व्यंजन, दवाईया,रात्रि विश्राम, स्नान आदि की सेवाएं बाबा रामदेव सेवा समिति द्वारा की जाती है।ग्राम हताई के धर्मालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से दानराशि इकट्ठा करके रुपया दिया जाता है ।एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन बाबा रामदेव की आरती, पूजा, ढोल धमाके के साथ प्रसादी वितरण किया जाता है एवं सभी पैदल यात्रीयो को भोजन प्रसादी के समय डीजे पर भजनों का आनंद लेकर नाचे गाते हैं इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच बद्रीलाल परमार, पूर्व सरपंच दिलीप सिंह सोलंकी,अंतर सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, रतन सिंह, ईश्वर लाल, जीवन दास ,कालूराम ,भंवरलाल, धर्मेंद्र व्यास, गोवर्धन राठौर, फकीरचंद, एवं सभी भक्तजन लगातार अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

## सोमवार को राजगढ से झिर्णेश्वर तक निकलेगी भव्य कावड यात्रा सदभावना मंच के सदस्यो ने घर-घर पहुचकर दिया निमंत्रण

**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर । सदभावना मंच राजगढ-सरदारपुर द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली माही झिर्णेश्वर शिव कावड यात्रा इस वर्ष 4 अगस्त 2025 सोमवार को निकलेगी। आयोजन का यह आठवा वर्ष है कावड यात्रा मे सद्भावना के संरक्षक एवं क्षैत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल,



नगर परिषद् अध्यक्ष सवेरा महेश जायसवाल भी कावड एवं अखण्ड ज्योत उठाकर चलेगे। कावड यात्रा के लिए सद्भावना मंच के सदस्यो द्वारा राजगढ एवं सरदारपुर नगर के विभीन्न वार्डो मे बैठक आयोजित की एवं घर-घर पहुचकर कावड यात्रा मे शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। कावड यात्रा सुबह 09.30 बजे शंकर मंदिर मालीपुरा-राजगढ से भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर प्रारंभ होगी। जो तीन बत्ती चौराहा, टॉकिज वाली गली, लाल दरवाजा, चबुतरा चोक, लोहार मंदिर, गणपति अम्बिका द्वार, चोपाटी, राजेन्द्र द्वार, पुराना बस स्टैण्ड, मण्डी रोड, सरदारपुर मे माही नदी, श्रीराम चौराहा सरदारपुरा, पंचमुखी चौराहा, बस स्टैण्ड, मैन चोपाटी, भोपावर चोकडी आदि प्रमुख मार्गो से होते हुए झिर्णेश्वर धाम पहुचेगी जहा पर भगवान झिर्णेश्वर महादेव का अभिषेक कर महाप्रसादी वितरित की जाएगी।

# किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया

**रणजीत टाइम्स**

**शाजापुर । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज उत्तरप्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान की 20वीं किस्त के रूप में 9.70 करोड से अधिक किसानों के खातों में 20500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का स्थांतरण किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर में प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया था।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में किसान संघ जिलाध्यक्ष श्री सवाई सिंह सिसोदिया, विशिष्ट अतिथि उपसंचालक कृषि श्री आर.एल.जामरे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में केन्द्र के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी.आर. अम्बावतिया, डॉ. एस. एस. धाकड, कृषि वैज्ञानिक डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. डीके तिवारी, श्री हितेन्द्र इन्दौरिया एवं कु. निकिता नंद्र, गंगाराम राठौर के साथ लगभग 100 से अधिक कृषक एवं शासकीय महाविद्यालय शाजापुर के छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने उद्बोधन के दौरान उर्वरको के संतुलित उपयोग के साथ उन्नत तकनीकियों का प्रयोग खेती में करने की सलाह दी, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष किसान संघ श्री सवाई सिंह सिसोदिया द्वारा व्यावसायिक कृषि करने की सलाह दी गई। साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ ले एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको के मार्गदर्शन में कृषि को लाभ का धंधा बनाये। मुख्य अतिथि द्वारा केन्द्र द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की एवं लगातार उन्नत तकनीकों का प्रचार प्रसार करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र वैज्ञानिको द्वारा खरीफ फसलो की आवश्यक जानकारी, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी के साथ जलवायु परिवर्तन के अनुसार जलवायु अनुकूल उन्नत किस्मो एवं प्रौद्योगिकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्नत कृषि यंत्र एंव जलनिकास एंव भूजल संवर्धन, संरक्षित खेती से आय बढाने के लिए संरक्षित खेती के विभिन्न घटको जैसे ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग पालीहाऊस की उन्नत तकनीक की जानकारी कृषको दी। विभिन्न खरीफ फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन की जानकारी दी गई। उपस्थित प्रगतीशील



कृषकों द्वारा खेती लाभ का धंधा बताते हुए अपने अनुभव से कृषको को अवगत कराया। कार्यक्रम में कृषकों की समस्याओं का मौके पर निदान किया।

# श्रावण के अंतिम सोमवार को क्षेत्र में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

## कमलाखेड़ा में निकलेगी विशाल शाही सवारी

**रणजीत टाइम्स**

रतलाम । श्री कमलेश्वर महादेव सेवा समिति कमलाखेड़ा द्वारा कमलेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी दिनांक 4 अगस्त 2025 सोमवार को ग्राम के प्रमुख मार्गो से निकाली जावेगी। शाही सवारी में कोटा के कलाकारों द्वारा मनमोहक शिव तांडव नृत्य, कालका माता का रूद्र रूप, राधा कृष्ण रासलीला, आकर्षक झांकियां, नासिक ढोल पार्टी व पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहेंगे।







## रानीगांव से गौतमेश्वर के लिए निकलेगी कावड यात्रा

ग्राम सेवा समिति रानीगांव ठिकरिया द्वारा लगातार चौथे वर्ष भी रामदेव मन्दिर से गौतमेश्वर महादेव मंदिर तक करीब 28 कि.मी.कावड यात्रा 04 अगस्त सोमवार को प्रातः 07 बजे निकाली जावेगी। यात्रा प्रभारी जितेश जैन ने बताया कि ग्राम रानीगांव से प्रारम्भ यात्रा ठिकरिया, कोटड़ी, अरनोद होते हुए राजस्थान के प्रसिद्ध स्थल गौतमेश्वर महादेव मंदिर पहुचेगी जहाँ अभिषेक कर आरती की जावेगी व प्रसादी का वितरण होगा। देश, प्रदेश व क्षेत्र की उन्नति खुशहाली व अच्छी बारिस की प्रार्थना को लेकर उक्त यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है पूरी यात्रा में डीजे, बेंड बाजे, ढोल पार्टी के साथ महादेव की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।अयाना में निकलेगी शिव सवारी, कलश व शोभा यात्रा।

**पवित्र श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार पर बाबा श्री पातालेश्वर महादेव की नगरी अयाना में भव्य शिव सवारी, कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जावेगी। समिति सदस्यों ने बताया कि प्रातः 06 बजे शिव अभिषेक एवं अलौकिक श्रृंगार, 10 बजे भव्य शिव सवारी का नगर भ्रमण, 11 बजे कलश यात्रा बावड़ी से प्रारंभ होगी, सांय 7 बजे महाशिव आरती एवं महाप्रसादी एवं रात्रि 9 बजे भजन संख्या का आयोजन होगा।**

# भारत के लोकपाल पर बनी दूरदर्शन की लघु- वीडियो -फिल्म दिखाकर कोर्ट परिसर में आयोजित हुआ शिविर

**यदि आपसे कोई रिश्वत मांगे,भ्रष्टाचार करे तो उसकी शिकायत लोकपाल को करे... एडीजे श्री वोरा**

**होगी कार्यवाही पहचान रखी जायेगी गुप्त....सिविल जज वर्ग 1 श्री भगोरा**

**अभिभाषक संघ पेटलावद के सहयोग से विशिष्ट आयोजन विधिक साक्षरता शिविर हुआ सम्पन्न**

**रणजीत टाइम्स**

पेटलावद। झकनावदा यदि आपसे कोई कर्मचारी रिश्वत मांगता है या कही कोई भ्रष्टाचार हो रहा है तो आप उसकी शिकायत सरकार द्वारा गठित लोकपाल समित्ति के सामने कर सकते है... उक्त बात प्रधान न्यायाधीश पेटलावद श्री ओ.पी.वोरा ने कही।

## शिविर का हुआ आयोजन

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की ओर से जारी निर्देश व जिला प्रधान न्यायाधीश व जिला विधिक साक्षरता समित्ति की अध्यक्ष श्रीमती विधी सक्सेना के निर्देश पर शनिवार को पेटलावद न्यायालय परिसर मे प्रधान न्यायाधीश ओर तालुका विधिक साक्षरता समित्ति के अध्यक्ष श्री ओ. पी. वोरा ओर सिविल जज वरिष्ठ खण्ड जज श्री सोहनलाल भगोरा की गरिमामयी अध्यक्षता और अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री अविनाश उपाध्याय कि अध्यक्षता मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा बनाये गए भारत के लोकपाल के अध्ययादेश और कार्यप्रणाली के बारे में जागरूकता लाने के लिये जानकारी दि गयी।





## होगी कार्यवाही पहचान रखेगे गुप्त -जज श्री भगोरा

शिविर को सम्बोधित करते हुए सिविल जज वरिष्ठ खंण्ड पेटलावद श्री सोहनलाल भगोरा ने बताया कि लोकपाल के समक्ष कि गई शिकायत की जांच होकर कार्यवाही होगी और शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी आप निर्भीक होकर देश को भ्रष्टाचार मुक्त कराने में योगदान देवे।

## दिखाई गई लघु फिल्म

इस अवसर पर लोकपाल विषय ओर कार्यवाही कैसे कि जाए इस बात की जानकारी और ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से दूरदर्शन द्वारा बनाई गई लघु -वीडियो फिल्म भी उपस्थितजन को भी दिखाते हुए जनजागृति लायी गयी। इनकी रही गरिमामई उपस्थिति इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष राहिल रजा मंसूरी, सीनियर एडवोकेट ए.एल. वोरा, अनिल देवड़ा ,के. सी. चौधरी, बलदेवसिंह राठौर, जितेंद्र जायसवाल, मनोंज पूरोहित, ईश्वर परमार, शादाब मंसूरी, संजय भायल, राजपाल सिंह दौड़,साहिल रजा मंसूरी,देवीसिंह बामनिया,चेतन राठौर, खुशाल हिहोर,मीरा चौधरी सहित न्यायालय के समस्त कर्मचारी ओर बडी संख्या में पक्षकारगण मौजूद रहे।

# नगरीय विकास व आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ज़ी का जावरा नगर आगमन पर स्वागत

**रणजीत टाइम्स**

रतलाम/ जावरा । भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा द्वारा प्रदेश के नगरीय विकास व आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी का जावरा नगर आगमन पर पिपलोदा रोड चौराहा जावरा पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया उक्त जानकारी देते हुए मिडिया प्रभारी संदीप रांका ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री द्वय अनिल धारीवाल, मनीष उटवॉल के साथ जिला उपाध्यक्ष महेश सोनी, प्रांजल पांडेय नंदकिशोर महावार,अजय सकलेचा,शिखर धारीवाल, पंकज कांठेड, यश सकलेचा,शरद डुंगरवाल, मनोहर पांचाल,सुरेश पोरवाल,पूनम पटवा, सुमन मेहता, संतोष शर्मा, प्रमिला धारीवाल, मंजू पांचाल, महेंद्र चौहान,अनिल त्रिवेदी,महेश शर्मा,आसिफ मिर्जा, सलमान कुरैशी, शरीफ कुरेशी आदि उपस्थित थे।



# भाजपा बड़ावदा मंडल ने किया जगह जगह स्वागत,बरडिया गोयल में दिया ज्ञापन

**रणजीत टाइम्स**

बड़ावदा। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आलोट विधान सभा आगमन पर भाजपा बड़ावदा मंडल ने धाकड़ चौराहा, बरडिया गोयल ,मिडली, हाटपिपल्या आदि गांवों में मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।बरडिया गोयल के लोगों ने मंत्री विजयवर्गीय को पिछले दिनों पटवारी द्वारा सर्वे में की गई अनियमितता की जानकारी देते हुए पटवारी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों के साथ न्याय करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सोपा। ऋतुराज सिंह देवड़ा,रमेश जाट उपसरपंच,मांगीलाल टेलर,गोपाल जाट, योगेन्द्र सिंह , दिनेश दास , रमेश माली, मुकेश प्रजापत, विकाश सैन, आशाराम जाट, कैलाश जाट, रमेश बोडाना,राहुल जाट,परमानंद जाट (पंच) रामचंद्र जाट, अर्जुन जेन ,पप्पू कचोटिय्यां, एवं समस्त ग्राम वासी बर्डियागोयल ने बताया कि विजयवर्गीय ने मौजूद अधिकारी को कलेक्टर को यहां भेजकर पूरी जांच कराने की बात कहीं। विधायक चिंतामणि मालवीय आदि नेता मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री डॉ यादव 07 अगस्त को लाडली बहनों को देंगे रक्षाबंधन की विशेष सौगात

रक्षाबंधन के अवसर पर लाडली बहनों को 1250 की सामान्य किस्त के साथ उपहार के स्वरुप 250 रुपए की अतिरिक्त राशि भी खाते में दी जाएगी – मुख्यमंत्री डॉ यादव

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बेस्ट लाइफस्टाइल कंपनी में आयोजित रक्षा बंधन कार्यकम में लाड़ली बहनों से राखी बंधवाई

रणजीत टाइम्स

**उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा की प्रदेश की महिलाएं मेरी बहने हैं यह मेरा मान है, सम्मान है, बहनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इस कंपनी में अभी वर्तमान में 1500 बहनों को रोजगार मिल रहा है आने वाले समय में यह कंपनी चार हजार बहनों को रोजगार देगी, इसके लिए सरकार कंपनी को नवीन जगह दे रही है जहां बहनों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह उद्बोधन बेस्ट लाइफस्टाइल कंपनी में आयोजित रक्षा बंधन कार्यकम में बहनों से मिलते हुए दिया ।**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रतिभा सिंटेक्स भी 7000 से अधिक बहनों को रोजगार दे रही है और यह बहने अपने कार्य कुशलता से ऐसा सामान बना रही है ,वो उत्पाद सीधे अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है । इसमें 11 लाख यूनिट कपड़े बनाकर हमने अमेरिका को निर्यात किये है ,आने वाले समय में यह कंपनी 20 लाख यूनिट बनाकर अमेरिका को निर्यात करेगी, इन कर्मशील बहनों के चरणों में प्रणाम है, बहने मेरे लिए सब कुछ है ।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन के कपड़ा मिलो से पहले के समय में 5000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलता था, वर्तमान में हमारे जिले से ही 20000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है और आने वाले समय में यह संख्या लगातार बढ़ती जाएगी । मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा की उद्योग धंधे उज्जैन में आ रहे हैं, हमारे प्रदेश के प्रति आकर्षित हो रहे हैं, निवेश कर रहे हैं हमें रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं, यह देश-विदेश में हमारे लिए सम्मान की बात है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि बहने हमारे लिए ईश्वर की एक सौगात है। त्योहारों का राजा रक्षाबंधन है, इस त्यौहार में बहने अपने भाइयों के लिए सब कुछ निछावर कर देती है । प्यार ,सम्मान ,दुलार और दूसरे परिवार में जाकर उनका सम्मान भी बढ़ाती है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा की हम सभी बहनों को इस बात का भी ध्यान रखना है कि यह कंपनी लगातार कार्य करती रहे और इस कंपनी में अपने समर्पण के साथ काम करें ,इस कंपनी से हमें रोजगार मिलता है जीवन यापन का साधन मिल रहा है तो हमें भी समर्पण के साथ कंपनी में काम करना चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार इस कंपनी के बहनों को 5000 प्रदान कर रही है ऐसी भी और कई योजनाएं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है। आने वाले समय में मध्य प्रदेश सरकार और बेहतर काम करने के लिए प्रयासरत है , आगामी 07 अगस्त को लाडली बहनों के खातों में ढाई सौ रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदाय की जाएगी । यह रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है । इस अवसर पर कंपनी की बहनों ने मुख्यमंत्री के दोनों हाथों में राखी बांधी और तिलक लगाया । मुख्यमंत्री ने बहनों को उपहार प्रदान किए।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में लाड़ली बहने , विधायक श्री अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, जनप्रतिनिधि श्री संजय अग्रवाल ,श्री रवि सोलंकी और जिले के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# कबूतरों के ख़िलाफ़ निर्णय आया तो मैं अनशन पर जाऊँगा : नीलेश मुनि

**भाजपा को वोट देने की अपील करने वाले जैन मुनि कहा है ? हजारों कबूतरो के मौत के जिम्मेदार कौन : मुनि निलेशचंद्र**

देश में धर्म के हर समश्या का समाधान निलेश मुनि : हार्दिक हुंडिया अंतिम युद्ध -प्रदीप जैन मुंबई । मुंबई महानगर पालिका द्वार कई कबूतर बंद करने के आदेश ख़िलाफ़ मुंबई में एक मोर्चा राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत निलेश चंद्र विजय की निश्रा में हजारो देशप्रेमियो की हाजरी में निकला था । नीलेश चंद्र ने कहा कि आज हजारों कबूतरों बिना आहार मर रहे है , कहा है वो जैन संतों जिन्होंने कहा था की बीजेपी को वोट दो ? भारतीय जनता पार्टी के शासन में अबोल जीवो पर अत्याचार , नहीं सहेगा भारत के देश प्रेमियो । जैन श्रेष्ठी हार्दिक हुंडिया ने कहा की देश में नीलेश चंद्र जैसे महात्माओ की जरूरत है , ये पहले संत जिन्होंने कबूतरों के साथ जो अन्याय हो रहा उनके सामने आवाज़ उठाई है । नीलेश चंद्र ने कहा है की ७ तारीख को हाई कोर्ट में फ़ैसला कबूतरों के ख़िलाफ़ में आया , तो मैं अन्न जल का त्याग करके अनशन पर उतर जाऊँगा । हार्दिक हुंडिया ने कहा की ये रेली से लोगो को जागृत करना था और नीलेश मुनि को दुनिया को एक जीवदया का अनमोल संदेश देना था । नीलेश चंद्र विजय जी के निश्रा में एक पुकार मेरी भी सुनो , कबूतर खाना बचाओ , ये रेली में कई जैन संतों , हजारो जीवदया प्रेमीओ जुड़े थे । ये रेली कुलाब जैन मंदिर से , हनुमान मंदिर , रामचंद्र मार्ग होते गेट वे ऑफ़ इंडिया तक गई थी । ये रेली में निलेश चंद्र विजय के साथ पुरन दोशी, रमेश शाह , मोहन माली जैसे कई जीवदया प्रेमी हजारों संख्या में मौजूद थे । हार्दिक हुंडिया ने कहा की देश के शांति का प्रतीक कबूतर अचानक बीजेपी की सरकार में दुश्मन कैसे बन गया ? सरकार जवाब दे की शांति के प्रतीक अबोल जीव कबूतरों को खाना देना कौनसा गुन्हा है ? बीजेपी सरकार देश की जनता को बताये की कबूतर शांति का प्रतीक है या नहीं ? देश में मुंबई के बाहर हर जगह कबूतर दाना खा रहे है तो मुंबई में ही कबूतरों रोग फैला रहे है ? ये कैसा न्याय बीजेपी सरकार में ।




दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!

अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।

टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स